संख्या-108/2025/407/41-1-2025/CN-1871937-2024

प्रेषक,

मुकेश कुमार मेश्राम,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक **14** फरवरी, 2025

विषयः-प्रदेश में स्थित राही पर्यटक आवास गृहों यथा- सुमेर सिंह किला (इटावा), कपिलवस्तु (सिद्धार्थनगर), शिकोहाबाद (फिरोजाबाद), विन्ध्यांचल (मीरजापुर), झील महल रेस्टोरेण्ट (मऊ) व गोपीगंज (भदोही) के सापेक्ष शार्टलिस्टेड निविदाकर्ताओं से प्राप्त वित्तीय निविदाओं एवं राही पर्यटक आवास गृह, बस्ती एवं वृन्दावन हेतु प्रकाशित आर0एफ0क्यू0 के सापेक्ष प्राप्त निविदाकर्ताओं को शार्टलिस्ट किये जाने एवं आर0एफ0पी0 निविदा प्रपत्रों पर अनुमोदन प्राप्त किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-6810/8-16(पी0पी0पी0-79)/2024-25, दिनांक 22 नवम्बर, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रदेश में स्थित राही पर्यटक आवास गृहों यथा- सुमेर सिंह किला (इटावा), कपिलवस्तु (सिद्धार्थनगर), शिकोहाबाद (फिरोजाबाद), विन्ध्यांचल (मीरजापुर), झील महल रेस्टोरेण्ट (मऊ) व गोपीगंज (भदोही) के सापेक्ष शार्टलिस्टेड निविदाकर्ताओं से प्राप्त वित्तीय निविदाओं एवं राही पर्यटक आवास गृह, बस्ती एवं वृन्दावन हेतु आमंत्रित आर0एफ0क्यू0 के सापेक्ष प्राप्त निविदाकर्ताओं को शार्टलिस्ट किये जाने एवं विभागीय ट्रान्जेक्शन एडवाईजरी फर्म मेसर्स के0पी0एम0जी0 द्वारा तैयार कर उपलब्ध कराये गये आर0एफ0पी0 निविदा प्रपत्रों पर परीक्षणोंपरान्त माननीय मंत्रि-परिषद् का अनुमोदन प्राप्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- विविध पर्यटन आकर्षणों के दृष्टि से उत्तर प्रदेश भारत का सबसे महत्वपूर्ण राज्य है। अपनी गौरवशाली ऐतिहासिक, सांस्कृतिकएवं धार्मिक विरासतों तथा समृद्ध प्राकृतिक वन सम्पदा की दृष्टि से उत्तरप्रदेश में पर्यटन की असीम सम्भावनायें विद्यमान हैं।

उल्लेखनीयहै कि देश में पर्यटन उद्योग का परिदृश्य निरन्तर बदल रहा है एवं उक्तइकाईयों के निर्माण एवं संचालन में प्रशिक्षित/विशेषज्ञ संस्थाओं कीआवश्यकता है, जिनकानिर्माण एवं संचालन विशेषज्ञ संस्थाओं/निजी निवेशकों द्वारा कराया जानापर्यटन की दृष्टिकोण से लाभकारी एवं लोकप्रिय होगा। इससे पर्यटन उद्योग सेजुड़े हुए व्यवसायियों एवं सेवा प्रदाताओं का आर्थिक उन्नयन होगा। उक्त केदृष्टिगत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बंद/घाटे में चल रहे/असंचालित पर्यटकआवास गृहों को जनोपयोगी बनाने एवं पर्यटकों के सुविधार्थ उच्च स्तरीयसुविधायें विकसित करने तथा प्रदेश में निजी निवेश को बढ़ावा दिये जाने केउद्देश्य से सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मोड पर विकसित व संचालित कराये जाने का निर्णय माननीय मंत्रि-परिषद् द्वारा लिया गया।

3- पर्यटन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या-645/2024/1657/41-1-2024-सी0एन0-1801433/2024, दिनांक 02 जुलाई, 2024 के माध्यम से पर्यटन विभाग के राही पर्यटक आवास गृह सुमेर सिंह किला (इटावा), राही पर्यटक आवास गृह, कपिलवस्तु (सिद्धार्थनगर), राही पर्यटक आवास गृह, शिकोहाबाद (फिरोजाबाद), यात्री निवास विन्ध्याचल (मीरजापुर), राही पर्यटक आवास गृह, गोपीगंज (भदोही) व झील महल रेस्टोरेण्ट (मऊ) को सार्वजनिक निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मोड पर विकसित व संचालित कराये जाने हेतु आर0एफ0क्यू0 की ई-निविदा के सापेक्ष प्राप्त निविदाकर्ता फर्मों को शार्टलिस्ट किये जाने, आर0एफ0पी0 निविदा प्रपत्रों एवं शार्टलिस्टेड निविदाकर्ताओं के मध्य आर0एफ0पी0 की ई-निविदा आमंत्रित किये जाने पर माननीय मंत्रि-परिषद् द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।

4- उपरोक्त के अनुपालन में पर्यटन विभाग द्वारा राही पर्यटक आवास गृहों यथा- सुमेर सिंह किला इटावा, कपिलवस्तु (सिद्धार्थनगर), शिकोहाबाद (फिरोजाबाद), विन्ध्याचल (मीरजापुर) व गोपीगंज (भदोही) के सापेक्ष शार्टलिस्टेड निविदाकर्ताओं के मध्य आर0एफ0पी0 की ई-निविदा दिनांक 06 जुलाई, 2024 को प्रकाशित करायी गयी, जिसकी अन्तिम तिथि दिनांक 18 जुलाई, 2024 निर्धारित की गयी। दिनांक 19 जुलाई, 2024 को सुमेर सिंह किला इटावा व राही पर्यटक आवास गृह, शिकोहाबाद की तकनीकी निविदा खोली गयी एवं 04 राही पर्यटक आवास गृहों यथा- कपिलवस्तु (सिद्धार्थनगर), यात्री निवास विन्ध्याचल (मीरजापुर), राही पर्यटक आवास गृह, गोपीगंज (भदोही) व झील महल रेस्टोरेण्ट (मऊ) के सापेक्ष पर्याप्त निविदायें (बिडें) प्राप्त न होने के कारण ई-निविदा खोले जाने की अन्तिम तिथिकॉरिजेण्डम के

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

माध्यम से दिनांक 26 जुलाई, 2024 को निर्धारित की गयी। झील महल रेस्टोरेण्ट (मऊ) की ई-निविदा खोले जाने कीअन्तिम तिथि को बढ़ाकर पुनः कॉरिजेण्डम के माध्यम से दिनांक 22 अगस्त, 2024 निर्धारित की गयी। उपरोक्तानुसार दिनांक 26 जुलाई, 2024 को उत्तर प्रदेश पी0पी0पी0 गाइडलाइन के अनुसार राही पर्यटक आवास गृह, कपिलवस्तु (सिद्धार्थनगर), यात्री निवास विन्ध्याचल (मीरजापुर), सुमेर सिंह किला, इटावा की आर0एफ0पी0 की ई-निविदा खोली गयी। उक्त निविदाओं का परीक्षण विभागीय ट्रान्जेक्शन एडवाईजरी फर्म मेसर्स के0पी0एम0जी0 द्वारा किया गया, तत्पश्चात विभाग को मूल्यांकन रिपोर्ट उपलब्ध करायी गयी। उक्त के अनुसार 03 राही पर्यटक आवास गृहों यथा- सुमेर सिंह किला (इटावा), कपिलवस्तु (सिद्धार्थनगर), यात्री निवास विन्ध्याचल (मीरजापुर) के सापेक्ष प्राप्त वित्तीय निविदाओं का विवरण निम्नवत् हैः-

क्र0	राही पर्यटक आवास गृह का नाम	आर0एफ0क्यू0 चरण में शार्टलिस्टेड निविदादाताओं की संख्या	आर0एफ0पी0 चरण में प्राप्त निविदादाताओं की संख्या	आर0एफ0पी0 चरण हेतु शार्टलिस्टेड निविदादाताओं की संख्या	आर0एफ0पी0 चरण में उच्चतम निविदादाता फर्म का नाम	उच्चतम निविदादाता से प्राप्त वार्षिक कन्सेशन शुल्क की धनराशि(रू0 में)	बेस प्राईस से गुना वृद्धि
1.	सुमेर सिंह किला, इटावा	10	5	3	M/s Arvind Kumar	12,11,000/-	10.18 गुना
2.	कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर	6	4	4	Nova Hospital Limited	65,10,011/-	13.02 गुना
3.	यात्री निवास विन्ध्यांचल, मीरजापुर	15	8	6	Nova Hospital Limited	70,10,111/-	28.73गुना

उपरोक्त तालिकानुसार 03 राही पर्यटक आवास गृहों यथा-सुमेर सिंह किला (इटावा), कपिलवस्तु (सिद्धार्थनगर), यात्री निवास विन्ध्याचल (मीरजापुर) के सापेक्ष प्राप्त वित्तीय निविदाओं पर सार्वजनिक निजी सहभागिता निविदा मूल्यांकन समिति (पी0पी0पी0बी0ई0सी0) द्वारा अनुमोदन प्रदान करते हुए उक्त पर माननीय मंत्रि-परिषद् का अनुमोदन प्राप्त किये जाने की संस्तुति की गयी है, जिस क्रम में पर्यटन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या-2143/41-2023-सीएन-1801433/2022, दिनांक 05 सितम्बर, 2024 द्वारा कार्यवृत्त जारी किया गया।

उक्त संदर्भ में जिलाधिकारी, इटावा के पत्र संख्या-299/पर्यटन-सु0सिं0कि0इटावा (पी0पी0पी0-79)/2024, दिनांक 07 अक्टूबर, 2024 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि इटावा स्थित सुमेर सिंह किला की भूमिका स्वामी राज्य सरकार है। ऐसी स्थिति में राज्य सरकार जब भी चाहे अपनीउपरोक्त भूमि को अपने इन्तजाम में लेने को स्वतंत्र है, जिसमें जिला पंचायत इटावा को कोई आपत्ति नहीं है।

5- उपरोक्तानुसार प्रदत्त अनुमोदन के क्रम में राही पर्यटक आवास गृह, गोपीगंज, भदोही के सापेक्ष आर0एफ0क्यू0 में 07 निविदाकर्ताओं को शार्टलिस्ट किया गया। माननीय मंत्रि-परिषद् के अनुमोदनोपरान्त उपरोक्त शार्टलिस्टेड 07 निविदाकर्ताओं के मध्य आर0एफ0पी0 की ई-निविदा दिनांक 06 जुलाई, 2024 को आमंत्रित की गयी, जिसकी तकनीकी ई-निविदा दिनांक 26 जुलाई, 2024 को खोली गयी, जिसमें 03 शार्टलिस्टेड निविदाकर्ताओं द्वारा आर0एफ0पी0 की ई-निविदा में प्रतिभाग किया गया। उक्त 03 निविदाओं का मूल्यांकन विभागीय ट्रान्जेक्शन एडवाईजरी फर्म मेसर्स के0पी0एम0जी0 द्वारा किया गया। मूल्यांकन के उपरान्त 02 फर्में वित्तीय निविदा खोले जाने हेतु अर्ह पायी गयी। दिनांक 08 अगस्त, 2024 को प्रमुख सचिव, पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में आयोजित पी0पी0पी0बी0ई0सी0 की बैठक में समिति द्वारा उपरोक्त निविदा का अवलोकन करते हुए निर्णय लिया गया कि राही पर्यटक आवास गृह, गोपीगंज, भदोही की आर0एफ0पी0 की आमंत्रित ई-निविदा के सापेक्ष मात्र 02 ही परिपक्व प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, उक्तके दृष्टिगत इकाई के सापेक्ष अधिक से अधिक निवेशकों की प्रतिभागितासुनिश्चित किये जाने एवं प्रतिस्पर्धात्मक रूप से उचित निविदायें प्राप्तकिये जाने के उद्देश्य से वर्तमान में आमंत्रित निविदा को निरस्त करते हुएपुनः शार्टलिस्टेड निविदाकर्ताओं के मध्य 14 दिवसों की आर0एफ0पी0 की ई-निविदा आमंत्रित किये जाने हेतु नियमानुसार अग्रत्तर आवश्यक कार्यवाही की जाये, जिस क्रम में पर्यटन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या-2143/41-2023-सीएन-1801433/2022, दिनांक 05 सितम्बर, 2024 द्वारा कार्यवृत्त जारी किया गया।

6- उपरोक्तानुसार दिनांक 10 सितम्बर, 2024 को उत्तर प्रदेश पी0पी0पी0 गाइडलाइन के अनुसार राही पर्यटक आवास गृह, गोपीगंज (भदोही) की आर0एफ0पी0 की ई-निविदा आमंत्रित की गयी, जो दिनांक 25 सितम्बर, 2024 को खोली जानी प्रस्तावित की गयी। दिनांक 25 सितम्बर, 2024 को उक्त ई-निविदा खोली गयी जिसमें शार्टलिस्टेड 07 निविदादाता फर्मों के सापेक्ष 03 निविदायें प्राप्त हुई। उक्त निविदाओं का परीक्षण विभागीय ट्रान्जेक्शनएडवाईजरी फर्म मेसर्स के0पी0एम0जी0 द्वारा किया गया। इसी क्रम में दिनांक 09 अक्टूबर, 2024 को वित्तीय निविदाओं को समिति के समक्ष खोला गया, तत्पश्चात विभागीय ट्रान्जेक्शन एडवाईजरी फर्म मेसर्स के0पी0एम0जी0 द्वारा विभाग को मूल्यांकन रिपोर्ट उपलब्ध करायी गयी, जो कि निम्नवत् हैः-

क्र0	राही पर्यटक आवास गृह का नाम	आर0एफ0क्यू0 चरण में	आर0एफ0पी0 चरण में प्राप्त	आर0एफ0पी0 चरण हेतु	आर0एफ0पी0 चरण में उच्चतम	उच्चतम निविदादाता से प्राप्त वार्षिक	बेस प्राईस से गुना वृद्धि

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

		शार्टलिस्टेड निविदादाताओं की संख्या	निविदादाताओं की संख्या	शार्टलिस्टेड निविदादाताओं की संख्या	निविदादाता फर्म का नाम	कन्सेशन शुल्क की धनराशि (रू0 में)	
1	गोपीगंज, भदोही	7	3	2	M/s Nand Residency	12,21,000/-	6.60 गुना

उपरोक्त तालिकानुसार राही पर्यटक आवास गृह, गोपीगंज, भदोही के सापेक्ष प्राप्त वित्तीय निविदाओं पर सार्वजनिक निजी सहभागिता निविदा मूल्यांकन समिति (पी0पी0पी0बी0ई0सी0) द्वारा अनुमोदन प्रदान करते हुए उक्त पर माननीय मंत्रि-परिषद् का अनुमोदन प्राप्त किये जाने की संस्तुति की गयी है, जिस क्रम में पर्यटन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या-2610/41-1-2024-36(सा0)/2023, दिनांक 18 अक्टूबर, 2024 द्वारा कार्यवृत्त जारी किया गया।

7- इसी क्रम में पर्यटन विभाग के राही पर्यटक आवास गृह, झील महल रेस्टोरेण्ट (मऊ) के सापेक्ष शार्टलिस्टेड निविदाकर्ताओं के मध्य आर0एफ0पी0 की ई-निविदा दिनांक 06 जुलाई, 2024 को आमंत्रित करायी गयी, जिसकी अन्तिम तिथि दिनांक 18 जुलाई, 2024 निर्धारित की गयी। उक्त इकाई के सापेक्ष सापेक्ष पर्याप्त निविदायें (बिडें) प्राप्त न होने के कारण ई-निविदा खोले जाने की अन्तिम तिथिकॉरिजेण्डम के माध्यम से दिनांक 26 जुलाई, 2024, दिनांक 26 जुलाई, 2024 से बढ़ाकर दिनांक 02 अगस्त, 2024, दिनांक 02 अगस्त, 2024 से बढ़ाकर दिनांक 22 अगस्त, 2024 एवं दिनांक 22 अगस्त, 2024 से बढ़ाकर 03 सितम्बर, 2024 को निर्धारित की गयी।

8- उपरोक्तानुसार दिनांक 03 सितम्बर, 2024 को उत्तर प्रदेश पी0पी0पी0 गाइडलाइन के अनुसार राही पर्यटक आवास गृह, झील महल रेस्टोरेण्ट (मऊ) की आर0एफ0पी0 की ई-निविदा खोली गयी, जिसमें शार्टलिस्टेड 07 निविदादाता फर्मों के सापेक्ष 03 निविदायें प्राप्त हुई। उक्त निविदाओं का परीक्षण ट्रान्जेक्शन एडवाईजरी फर्म मेसर्स के0पी0एम0जी0 द्वारा किया गया, जिसमें 02 फर्में वित्तीय निविदा खोले जाने हेतु अर्ह पायी गयी। इसी क्रम में दिनांक 09 अक्टूबर, 2024 को वित्तीय निविदाओं को समिति के समक्ष खोला गया, तत्पश्चात विभागीय ट्रान्जेक्शन एडवाईजरी फर्म मेसर्स के0पी0एम0जी0 द्वारा विभाग को मूल्यांकन रिपोर्ट उपलब्ध करायी गयी, जो कि निम्नवत् हैः-

क्र0	राही पर्यटक आवास गृह का नाम	आर0एफ0क्यू0 चरण में शार्टलिस्टेड निविदादाताओं की संख्या	आर0एफ0पी0 चरण में प्राप्त निविदादाताओं की संख्या	आर0एफ0पी0 चरण हेतु शार्टलिस्टेड निविदादाताओं की संख्या	आर0एफ0पी0 चरण मेंउच्चतम निविदादाता फर्म का नाम	उच्चतम निविदादाता से प्राप्त वार्षिक कन्सेशन शुल्क कीधनराशि(रू0 में)	बेस प्राईस से गुना वृद्धि
1.	झील महल रेस्टोरेण्ट(मऊ)	7	3	2	M/s Nand Residency	6,21,000/-	3.28 गुना

उपरोक्त तालिकानुसार झील महल रेस्टोरेण्ट, मऊ के सापेक्ष प्राप्त वित्तीय निविदाओं पर सार्वजनिक निजी सहभागिता निविदा मूल्यांकन समिति (पी0पी0पी0बी0ई0सी0) द्वारा अनुमोदन प्रदान करते हुए उक्त पर माननीय मंत्रि-परिषद् का अनुमोदन प्राप्त किये जाने की संस्तुति की गयी है, जिस क्रम में पर्यटन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या-2610/41-1-2024-36(सा0)/2023, दिनांक 18 अक्टूबर, 2024 द्वारा कार्यवृत्त जारी किया गया।

9- इसी क्रम में पर्यटन विभाग के राही पर्यटक आवास गृह, शिकोहाबाद (फिरोजाबाद) के सापेक्ष शार्टलिस्टेड निविदाकर्ताओं के मध्य आर0एफ0पी0 की ई-निविदा दिनांक 06 जुलाई, 2024 को प्रकाशित करायी गयी, जिसकीअन्तिम तिथि दिनांक 18 जुलाई, 2024 निर्धारित की गयी। दिनांक 19 जुलाई, 2024 को राही पर्यटक आवास गृह, शिकोहाबाद की तकनीकी निविदा खोली गयी, जिसमें निम्नवत् वित्तीय निविदायें प्राप्त हुईः-

Sl.No	Bidder Name	Amount	Bid Rank
1	Kisan Ice And Cold Storage	6,13,000/-	H6
2	Maa Durga Enterprises	6,65,000/-	H5
3	M/S Bhati Filling Station	9,35,000/-	H4
4	M/S H. K. Builders	10,10,111/-	H3
5	M/S Arvind Kumar Contractor	12,56,000/-	H2
6	Suchet Medical Store	17,58,000/-	H1

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

उपरोक्तानुसार दिनांक 8 अगस्त 2024 को प्रमुख सचिव पर्यटन, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में आयोजित पी0पी0पी0बी0ई0सी0 समिति की बैठक में समिति द्वारा आर0एफ0क्यू0 (RFQ), आर0एफ0पी0 (RFP) एवं कॉरिजेण्डम्स (Corrigendums) में उल्लिखित नियमों एवं शर्तों के आधार पर राही पर्यटक आवास गृह, शिकोहाबाद (फिरोजाबाद) को सार्वजनिक निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मोड पर विकसित व संचालित कराये जाने हेतु उच्चतम निविदादाता फर्म मेसर्स सुचेत मेडिकल स्टोर (M/S Suchet Medical store) को धनराशि रू0 17,58,000.00 (रू0 सत्रह लाख अट्ठावन हजार मात्र) प्रतिवर्ष की वार्षिक कन्सेशन फीस (आर0एफ0पी0 के अनुसार) की दर पर लीज पर दिये जाने के साथ ही एल0ओ0ए0 जारी किये जाने (Letter of Award) एवं चयनित फर्म तथा विभाग के मध्य अनुबंध किये जाने पर माननीय मंत्रि-परिषद् का अनुमोदन प्राप्त किये जाने का निर्णय लिया गया, जिस क्रम में पर्यटन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या-2143/41-2023-सीएन-1801433/2022, दिनांक 05 सितम्बर, 2024 द्वारा कार्यवृत्त जारी किया गया।

उपरोक्त संदर्भ में मेसर्स सुचेत मेडिकल स्टोर, लुधपुरा, जसवन्त नगर, इटावा का पत्र दिनांक 16 अक्टूबर, 2024 के माध्यम से राही पर्यटक आवास गृह, शिकोहाबाद को पी0पी0पी0 मोड पर संचालित करने में असमर्थता व्यक्त की गयी। तदक्रम में विभागीय ट्रान्जेक्शन एडवाईजरी फर्म मेसर्स के0पी0एम0जी0 द्वारा अवगत कराया गया कि आर0एफ0पी0 निविदा प्रपत्रों एवं उत्तर प्रदेश पी0पी0पी0 गाइडलाइन के अनुसार यदि निविदादाता द्वारा इस स्तर पर इकाई लेने हेतु असमर्थता व्यक्त की जाती है, तो उक्त स्थिति में आर0एफ0पी0 निविदा प्रपत्रों के अनुसार द्वितीय चरण की निविदा शार्टलिस्टेड निविदाकर्ताओं के मध्य आमंत्रित की जायेगी, जिसमेंशेष शार्टलिस्टेड निविदादाताओं द्वारा उक्त बिड में प्राप्त उच्चतम दर परसहमति प्रदान की जाती है। इस क्रम में महानिदेशक, पर्यटन केअनुमोदनोपरान्त विभागीय ट्रान्जेक्शन एडवाईजरी फर्म मेसर्स के0पी0एम0जी0 द्वारा राही पर्यटक आवास गृह, शिकोहाबाद (फिरोजाबाद) के सापेक्ष शार्टलिस्टेड निविदाकर्ताओं के मध्य दिनांक 22 अक्टूबर, 2024 को आमंत्रित की गयी, जो दिनांक 24 अक्टूबर, 2024 को खोली जानी थी।

उक्त क्रम में दिनांक 24 अक्टूबर, 2024 को द्वितीय चरण की निविदा खोली गयी। विभागीय ट्रान्जेक्शन एडवाईजरी फर्म मेसर्स के0पी0एम0जी0 द्वारा उक्त निविदाओं का मूल्यांकन किया गया, जिसके उपरान्त उपलब्ध करायी गयी मूल्यांकन रिपोर्ट निम्नवत् हैः-

S. No.	Rahi Tourist Bungalow Property	Name of Bidder (Participated in the Second round of bidding)	Status	Remarks	Ranking as per the 1st stage of bidding
1.	**Shikhohabad**	M/s H K Builders	17,58,000/-	Bid amount matched	H3
		MAA DURGA ENTERPRISES	17,58,000/-	Bid amount matched	H5
		M/S ARVIND KUMAR	-	Refused to match the Bid	H2

उपरोक्त तालिकानुसार द्वितीय चरण की निविदा में मेसर्स एच0के0 बिल्डर्स एवं मेसर्स माँ दुर्गा इण्टरप्राईसेस द्वारा उच्चतम निविदा दर परसहमति प्रदान की गयी। उल्लेखनीय है कि उक्त आवास गृह की प्रथम चरण कीआमंत्रित आर0एफ0पी0 की वित्तीय ई-निविदा में मेसर्स एच0के0 बिल्डर्स तृतीय उच्चतम (एच-3) निविदादाता एवं मेसर्स माँ दुर्गा इण्टरप्राईसेस पाँचवा उच्चतम (एच-5) निविदादाता था, इस हेतु पी0पी0पी0बी0ई0सी0 समिति द्वारा आर0एफ0पी0 निविदा प्रपत्रों एवं उत्तर प्रदेश पी0पी0पी0 गाइडलाइन (संशोधित-2018) के अनुसार राही पर्यटक आवास गृह, शिकोहाबाद (फिरोजाबाद) को मेसर्स एच0के0 बिल्डर्स को धनराशि रू0 17,58,000.00 (रू0 सत्रह लाख अट्ठावन हजार मात्र) प्रतिवर्ष की वार्षिक कन्सेशन फीस (आर0एफ0पी0 के अनुसार) की दर पर लीज पर दिये जाने की संस्तुति प्रदान करते हुए फर्म को एल0ओ0ए0 जारी किये जाने (Letter of Award) एवं चयनित फर्म तथा विभाग के मध्य अनुबंध किये जाने परमाननीय मंत्रि-परिषद् का अनुमोदन प्राप्त किये जाने का निर्णय लिया गया।

क्र0	राही पर्यटक आवास गृह का नाम	आर0एफ0क्यू0 चरण में शार्टलिस्टेड निविदादाताओं की संख्या	आर0एफ0पी0 चरण में प्राप्त निविदादाताओं की संख्या	आर0एफ0पी0 चरण हेतु शार्टलिस्टेड निविदादाताओं की संख्या	आर0एफ0पी0 चरण मेंउच्चतम निविदादाता फर्म का नाम	उच्चतम निविदादाता से प्राप्त वार्षिक कन्सेशन शुल्क की धनराशि	बेस प्राईस से गुना वृद्धि
1	शिकोहाबाद (फिरोजाबाद)	11	7	6	M/s H K Builders	17,58,000/-	2.41 गुना

उपरोक्त तालिकानुसार राही पर्यटक आवास गृह, शिकोहाबाद (फिरोजाबाद) के सापेक्ष प्राप्त वित्तीय निविदाओं पर सार्वजनिक निजी सहभागिता निविदा मूल्यांकन समिति (पी0पी0पी0बी0ई0सी0) द्वारा अनुमोदन प्रदान करते हुए उक्त पर माननीय मंत्रि-परिषद् का अनुमोदन प्राप्त किये जाने की संस्तुति की गयी है, जिस क्रम में पर्यटन अनुभाग, उत्तर प्रदेश

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

शासन के पत्र संख्या-2735(1)/41-1-2024-सीएन-1801433-2024, दिनांक 14 नवम्बर, 2024 द्वारा कार्यवृत्त जारी किया गया।

10- इसी क्रम में पर्यटन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन के कार्यवृत्त संख्या-1042/41-1-2023-36(सा0)/2023, दिनांक 14 मार्च, 2024 द्वारा प्रदत्त अनुमोदन के अनुपालन में राही पर्यटक आवास गृह, बस्ती को पी0पी0पी0 मोड पर विकसित व संचालित कराये जाने के लिए आर0एफ0क्यू0 की ई-निविदा दिनांक 16 मार्च, 2024 को आमंत्रित की गयी, जिसकी तकनीकी निविदा दिनांक 21 जून, 2024 को खोली गयी। उक्त इकाई के सापेक्ष प्राप्त निविदाओं का मूल्यांकन विभागीय ट्रान्जेक्शन एडवाईजरी फर्म मेसर्स के0पी0एम0जी0 द्वारा किया गया। मूल्यांकन रिपोर्ट निम्नवत् हैः-

Summary of Bids Received

Rahi Tourist Bunglow	Number of Bids Received
Basti	12
Total	**12**

List of Qualified Bidders for Basti Rahi Property

Sr.No.	Name Of Qualified Bidder	Address
1	IES Academy Pvt Ltd in consortium with Skyhilton Food Pvt Ltd	IES Academy First Floor, 25, Jia Sarai, Near IIT,, HAUZ KHAS, New Delhi, Delhi, 110016 Skyhilton Food Pvt Ltd BARGAWAN KANPUR ROAD LUCKNOW, Uttar Pradesh, 226012
2	Anand Construction Company	Near ORIJOT Post Office, Gandhi Nagar, Basti 272001
3	M/s Anand Highway Resort in consortium with Anandam Foods	Maniyara Dhamaicha , Sant Kabir Nagar
4	Anurag Architectural Associates Pvt Ltd.	C-C-28/121 Teliyabagh, Varanasi , 221002
5	M/s Good Food Catering Services	5/336, Rajni Khand, Sharda Nagar Yojna, Lucknow, U.P-226002
6	Hotel Suyash Palace	Hotel Suyash Palace Station Road, Purani Basti,Basti.272002
7	Modern Packaging Pvt Ltd in Consortium with Modern Laminators Ltd	E-37 to E-41(Part), Industrial Area, Gorakhpur. & C-4 Industrial Area , Gorakhpur
8	Nova Hospital Ltd	Patrakarpuram Crossing, Vikash Khand, Gomti Nagar, Lucknow U.P-226010
9	M/s Sivi K R Enterprises	129 Near Junior High School, Khalilabad. Sant Kabir Nagar
10	M/s Tulsiram & Company	Hotel C P Palace Shivaji Nagar, Jhansi 284001
11	Varanasi Builders & Developers Pvt Ltd	C-28/121, Teliyabagh, Varanasi, 221002

उपरोक्त तालिकानुसार राही पर्यटक आवास गृह, बस्ती की आर0एफ0क्यू0 की ई-निविदा में तकनीकी मूल्यांकन में अर्ह पायी गयी 11 फर्मों को शार्टलिस्ट किये जाने एवं आर0एफ0पी0 निविदा प्रपत्रों पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन/संस्तुति प्रदानकरते हुए उक्त पर माननीय मंत्रि-परिषद् का अनुमोदन प्राप्त किये जाने कीसंस्तुति की गयी है, जिस क्रम में पर्यटन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या-2143/41-2023-सीएन-1801433/2022 दिनांक 05 सितम्बर, 2024 द्वारा कार्यवृत्त जारी किया गया।

11- इसी क्रम में पर्यटन विभाग के बंद/घाटे में चल रहे/असंचालित राही पर्यटक आवास गृह, वृन्दावन को सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पी0पी0पी0 मोड) पर विकसित एवं संचालित कराये जाने हेतुपी0पी0पी0बी0ई0सी0 समिति की दिनांक 06 फरवरी, 2024 को आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश पी0पी0पी0बी0ई0सी0 नीति-2016 (संशोधित-2018) के अनुसार आर0एफ0क्यू0 की ई-निविदा आमंत्रित किए जाने का निर्णय लिया गया, जिस क्रम में पर्यटन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या-996/41-1-2023-36(सा0)/2023, दिनांक 12 मार्च, 2024 द्वारा कार्यवृत्त जारी किया गया।

उपर्युक्त के क्रम में राही पर्यटक आवास गृह, वृन्दावन, मथुरा की आर0एफ0क्यू0 की ई-निविदा दिनांक 12 मार्च, 2024 को आमंत्रित करायी गयी, जिसकी ई-निविदा खोले जाने की अन्तिमतिथि दिनांक 01 अप्रैल, 2024 निर्धारित की गयी। उक्त इकाई के सापेक्ष पर्याप्त निविदायें (बिडें)प्राप्त न होने के कारण ई-निविदा खोले जाने की अन्तिम तिथि कॉरिजेण्डम केमाध्यम से दिनांक 17 अप्रैल, 2024, दिनांक 24 अप्रैल, 2024, दिनांक 14 मई, 2024, दिनांक 07 जून, 2024, दिनांक 21 जून, 2024, दिनांक 02 जुलाई, 2024, दिनांक 10 जुलाई, 2024, दिनांक 19 जुलाई, 2024, दिनांक 26 जुलाई, 2024, दिनांक 02 अगस्त, 2024, दिनांक 22 अगस्त, 2024 एवं दिनांक 03 सितम्बर, 2024 को निर्धारित की गयी। जिसकी तकनीकी निविदा दिनांक 04 सितम्बर, 2024 को खोली गयी। उक्त इकाई के सापेक्ष प्राप्त निविदाओं का मूल्यांकन विभागीय ट्रान्जेक्शन एडवाईजरी फर्म मेसर्स के0पी0एम0जी0 द्वारा किया गया। मूल्यांकन रिपोर्ट निम्नवत् हैः-

Summary of Bids Received

Rahi Tourist Bunglow	Number of Bids Received

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

Vrindavan	23
Total	**23**

List of Qualified Bidders:

Sr.No.	Bidders Name	Address
1	Anahita Hospitality LLP	Pocket 7, Sector-C , Sultanpur road,Sushant Golf City, Lucknow, U.P-226030.
2	Budhsen Food (India) Pvt Ltd in consortium with Savasil Polymer Corp and Abhinav Traders.	Budhsen Food (India) Pvt Ltd -26/45, Birhana Road, Kanpur, 208001 Savasil Polymer Corp -E-19,Panki Site No.1,Kanpur Abhinav Traders- 26/45, Birhana Road, Kanpur(U.P)
3	Carsa Coal Pvt Ltd	Block B, Ambeshwari Paradise, H.P.Dubey Marg, Betiahata, Gorakhpur-273001 (U.P)
4	City Inn Pvt Ltd	12/2/4, Commercial Complex, Sanjay Place, Agra.
5	Garg Resurfacing & Construction	41/B/F-4, Friends Tower, Sanjay Place, Agra 282002
6	Heritage Aviation Pvt Ltd	SU-22-24,Ground Floor,Bhikhaji Cama Bhawan, Bhikaji Cama place.New Delhi- 110066
7	Jindal Holidays Private Limited in consortium with Jindal Research Labs Private Limited	Plot no. 12,Upper Ground Floor,Block-24, Shakti Nagar, Near Gol Chakkar SKN Govt. School, North East Delhi. 110007
8	Mystical Technoplast Pvt Ltd	3504, Tower-4, Cedar, Runwal Greens, Mulund, Goregaon link road,Mulund West.400078
9	Nova Hospital Ltd	Partrakarpuram Crossing, Vikas Khand, Gomti Nagar, Lucknow, UP, 226010
10	Privi Food Private Limited in Consortium with Sushil Kumar & Maa Vaishno Enterprises.	Privi Food Private Limited- 234 C Friends Colony, Etawah U.P. 206001 M/s Sushil Kumar - Vill- Vichpuri Khera PO- Adhiyapur Etawah Maa Vaishno Enterprises - Near Balaram Singh chauraha Etawah-U.P. 206001
11	Sankalp Recreation Pvt Ltd	1705, 17th Floor, Sankalp Square 3, near Taj Skyline, Sindhubhavan Road, Shilaj, Ahmedabad -380058
12	Sky Builders in consortium with Tirupati Infrafuel Solutions Private Limited	176 Shanti Colony, Etawah, UP 206001
13	Varanasi Builders and Developers Pvt Ltd in Consortium with Anurag Architectural Associates Pvt Ltd & Satyam Automobiles	Varanasi Builders and Developers Pvt Ltd -28/121 Tellyabagh, Varanasi 221002 Satyam Automobiles -Bye-Pass Road Nautanwa Maharajganj -273164
14	Veer Bhadra Enterprises	A 4/6, Vijaya Nagar, Mohali Road, Mathura, U.P

उपरोक्त तालिकानुसार राही पर्यटक आवास गृह, वृन्दावन की आर0एफ0क्यू0 की ई-निविदा में तकनीकी मूल्यांकन में अर्ह पायी गयी 14 फर्मों को शार्टलिस्ट किये जाने एवं आर0एफ0पी0 निविदा प्रपत्रों पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन/संस्तुति प्रदानकरते हुए उक्त पर माननीय मंत्रि-परिषद् का अनुमोदन प्राप्त किये जाने कीसंस्तुति की गयी है, जिस क्रम में पर्यटन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या-2610/41-1-2024-36(सा0)/2023, दिनांक 18 अक्टूबर, 2024 द्वारा कार्यवृत्त जारी किया गया।

12- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश में स्थित राही पर्यटक आवास गृहों यथा- सुमेर सिंह किला (इटावा), कपिलवस्तु (सिद्धार्थनगर), शिकोहाबाद (फिरोजाबाद), विन्ध्यांचल (मीरजापुर), झील महल रेस्टोरेण्ट (मऊ) व गोपीगंज (भदोही) के सापेक्ष शार्टलिस्टेड निविदाकर्ताओं से प्राप्त वित्तीय निविदाओं एवं राही पर्यटक आवास गृह, बस्ती एवं वृन्दावन हेतु आमंत्रित आर0एफ0क्यू0 के सापेक्ष प्राप्त निविदाकर्ताओं को शार्टलिस्ट किये जाने एवं विभागीय ट्रान्जेक्शन एडवाईजरी फर्म मेसर्स के0पी0एम0जी0 द्वारा तैयार कर उपलब्ध कराये गये आर0एफ0पी0 निविदा प्रपत्रों के सम्बन्ध में माननीय मंत्रि-परिषद् की बैठक दिनांक 05 फरवरी, 2025 में निम्नलिखित निर्णय लिये गये है :-

(1) प्रस्तर-4 के अनुसार आर0एफ0क्यू0 (RFQ), आर0एफ0पी0 (RFP) एवं कॉरिजेण्डम्स (Corrigendum) में उल्लिखित नियमों एवं शर्तों के आधार पर सुमेर सिंह किला (इटावा) को सार्वजनिक निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मोड पर विकसित व संचालित कराये जाने हेतु मेसर्स अरविन्द कुमार (M/s Arvind Kumar) को धनराशि रू0 12,11,000/- (रू0 बारह लाख ग्यारह हजार मात्र) प्रतिवर्ष (आर0एफ0पी0 में उल्लिखित नियम एवं शर्तों के अनुसार) की दर पर लीज पर दिये जाने के साथ ही एल0ओ0ए0 जारी किये जाने (Letter of Award) एवं चयनित फर्म तथा विभाग के मध्य अनुबंध किये जाने परअनुमोदन।

(2) प्रस्तर-4 के अनुसार आर0एफ0क्यू0 (RFQ), आर0एफ0पी0 (RFP) एवं कॉरिजेण्डम्स (Corrigendum) में उल्लिखित नियमों एवं शर्तों के आधार पर राही पर्यटक आवास कपिलवस्तु (सिद्धार्थनगर) को सार्वजनिक निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मोड पर विकसित व संचालित कराये जाने हेतु मेसर्स नोवा हॉस्पिटल लि0 (M/s Nova Hospital Limited) को धनराशि रू0 65,10,011/- (रू0 पैंसठ लाख दस हजार ग्यारह रूपये मात्र) प्रतिवर्ष (आर0एफ0पी0 के नियम एवं शर्तों के अनुसार) की दर पर लीज पर दिये जाने के

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

साथ ही एल0ओ0ए0 जारी किये जाने (Letter of Award) एवं चयनित फर्म तथा विभाग के मध्य अनुबंध किये जाने पर अनुमोदन ।

(3) प्रस्तर-4 के अनुसार आर0एफ0क्यू0 (RFQ), आर0एफ0पी0 (RFP) एवं कॉरिजेण्डम्स (Corrigendum) में उल्लिखित नियमों एवं शर्तों के आधार पर राही पर्यटक आवास विन्ध्यांचल (मीरजापुर) को सार्वजनिक निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मोड पर विकसित व संचालित कराये जाने हेतु मेसर्स नोवा हॉस्पिटल लि0 (**M/s Nova Hospital Limited**) को धनराशिरू0 70,10,111/- (रू0 सत्तर लाख दस हजार एक सौ ग्यारह मात्र) प्रतिवर्ष (आर0एफ0पी0 के नियम एवं शर्तों के अनुसार) की दर पर लीज पर दिये जाने के साथ ही एल0ओ0ए0 जारी किये जाने (Letter of Award) एवं चयनित फर्म तथा विभाग के मध्य अनुबंध किये जाने पर अनुमोदन ।

(4) प्रस्तर-6 के अनुसार आर0एफ0क्यू0 (RFQ), आर0एफ0पी0 (RFP) एवं कॉरिजेण्डम्स (Corrigendum) में उल्लिखित नियमों एवं शर्तों के आधार पर राही पर्यटक आवास गृह, गोपीगंज (भदोही) को सार्वजनिक निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मोड पर विकसित व संचालित कराये जाने हेतु उच्चतम निविदादाता फर्म मेसर्स नन्द रेजीडेन्सी (**M/s Nand Residency)**को धनराशि रू0 12,21,000.00 (रू0 बारह लाख इक्कीस हजार मात्र) प्रतिवर्ष की वार्षिक कन्सेशन फीस (आर0एफ0पी0 के नियम एवं शर्तों के अनुसार) की दर पर लीज पर दिये जाने के साथ ही एल0ओ0ए0 जारी किये जाने (Letter of Award) एवं चयनित फर्म तथा विभाग के मध्य अनुबंध किये जाने पर अनुमोदन ।

(5) प्रस्तर-7 व 8 के अनुसार आर0एफ0क्यू0 (RFQ), आर0एफ0पी0 (RFP) एवं कॉरिजेण्डम्स (Corrigendum) में उल्लिखित नियमों एवं शर्तों के आधार पर झील महल रेस्टोरेण्ट (मऊ) को सार्वजनिक निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मोड पर विकसित व संचालित कराये जाने हेतु उच्चतम निविदादाता फर्म मेसर्स नन्द रेजीडेन्सी (**M/s Nand Residency)** को धनराशि रू0 6,21,000.00 (रू0 छह लाख इक्कीस हजार मात्र) प्रतिवर्ष की वार्षिक कन्सेशन फीस (आर0एफ0पी0 के नियम एवं शर्तों के अनुसार) की दर पर लीज पर दिये जाने के साथ ही एल0ओ0ए0 जारी किये जाने (Letter of Award) एवं चयनित फर्म तथा विभाग के मध्य अनुबंध किये जाने पर अनुमोदन ।

(6) प्रस्तर-9 के अनुसार आर0एफ0क्यू0 (RFQ), आर0एफ0पी0 (RFP) एवं कॉरिजेण्डम्स (Corrigendum) में उल्लिखित नियमों एवं शर्तों के आधार पर राही पर्यटक आवास गृह, शिकोहाबाद (फिरोजाबाद) को सार्वजनिक निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मोड पर विकसित व संचालित कराये जाने हेतु उच्चतम निविदादाता फर्म मेसर्स एच0के0 बिल्डर्स (**M/s HK Builders)**को धनराशि रू0 17,58,000.00 (रू0 सत्रह लाख अट्ठावन हजार मात्र) प्रतिवर्ष की वार्षिक कन्सेशन फीस (आर0एफ0पी0 के नियम एवं शर्तों के अनुसार) की दर पर लीज पर दिये जाने के साथ ही एल0ओ0ए0 जारी किये जाने (Letter of Award) एवं चयनित फर्म तथा विभाग के मध्य अनुबंध किये जाने पर अनुमोदन ।

(7) प्रस्तर-10 व 11 के अनुसार पर्यटन विभाग के राही पर्यटक आवास गृह, बस्ती एवं राही पर्यटक आवास गृह, वृन्दावन को सार्वजनिक निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मोड पर विकसित व संचालित कराये जाने हेतु आर0एफ0क्यू0 की ई-निविदा के सापेक्ष प्राप्त निविदाकर्ता फर्मों को शार्टलिस्ट किये जाने, आर0एफ0पी0 निविदा प्रपत्रों एवं शार्टलिस्टेड निविदाकर्ताओं के मध्य आर0एफ0पी0 की ई-निविदा आमंत्रित किये जाने पर अनुमोदन ।

(8) प्रकरण में आवश्यकतानुसार अग्रतर निर्णय लिये जाने हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी को अधिकृत किया गया।

13- उपर्युक्त निर्णय के कार्यान्वयन से पूर्व निम्नलिखित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा :-

(1) उक्त परियोजना पर राज्य सरकार द्वारा कोई व्यय भार वहन नहींकिया जायेगा।

(2) प्रश्नगतराही पर्यटक आवास गृहों में अन्तर्निहित भूमियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागोंसे अनापत्ति प्राप्त कर लीजायेगी।

(3) चयनित फर्म एवं विभाग के मध्य अनुबन्ध मेंयह उल्लेख किया जायेगा कि प्रश्नगतराही पर्यटक आवास गृहों में किसी भी प्रकार कीवाटरबॉडीज स्थित हो तो उस वाटरबॉडीज को यथावत् रखते हुएवाटरबॉडीज से सम्बन्धित मा० सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपील सं०-60236/2001 ''हिंचलाल तिवारी बनाम कमला देवी व

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

अन्य'' तथा सिविल अपील स0-1132/2011 द्वारा एस०एल०पी० (सी) नं0-3109/2011 ''जगपाल सिंह व अन्य बनाम पंजाब सरकार व अन्य'' में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(4) चयनित फर्म एवं विभाग के मध्य अनुबन्ध में लीज अवधि का उल्लेख किया जायेगा।

(5) सरकारी सम्पत्ति के प्रबन्ध से सम्बन्धित नियमावली, 1987 के नियम-2 मेंयह व्यवस्था है कि ''राजस्व विभाग के अतिरिक्त अन्य किसी विभाग केप्रबन्धाधीन राजकीय भूमि का प्रबन्ध उस विभाग द्वारा उसी विभाग के नियमोंतथा अनुदेशों के अनुसार होगा।''अत: उक्त राही पर्यटक आवास गृहों की भूमि के स्वामित्व के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग से अनापत्ति/सहमति प्राप्त कर ली जायेगी।

(6) **राजस्व सम्बन्धी नियमों/अधिनियमों/शासनादेशों में वर्णित व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।**

कृपया प्रश्नगत प्रकरण में माननीय मंत्रि-परिषद् द्वारा लिये गये निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें तथा कृत कार्यावाही से शासन को तत्काल सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(मुकेश कुमार मेश्राम)
प्रमुख सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2. अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश शासन।
3. अपर मुख्य सचिव, माननीय मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।
4. निजी सचिव, माननीय मंत्री, पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश।
5. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
   वित्त विभाग/न्याय विभाग/नियोजन विभाग/अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग/राजस्व विभाग/नगर विकास विभाग।
6. निदेशक, पर्यटन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
7. वित्त नियंत्रक,पर्यटन निदेशालय,लखनऊ।
8. गार्डफाइल।-

आज्ञा से,

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।